भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *89

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

चित्रकूट और सतना में सड़क परियोजनाएं

*89. श्री गणेश सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार सतना शहर में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलिवेटिड रोड बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार निर्माणाधीन ग्रीन रोड को मैहर से सतना और चित्रकूट तक बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सतना को प्रयागराज बरास्ता सेमरिया, सिरमौर और शंकरगढ़ से जोड़ने वाली भारतमाला परियोजना के चरण-।। के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दे दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त परियोजनाओं को कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

‘चित्रकूट और सतना में सड़क परियोजनाएं’ **के संबंध में श्री** गणेश सिंह **द्वारा पूछे गए दिनांक 08.02.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *89 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) सतना बाइपास के निर्माण के फलस्वरूप, सतना शहर के शहरी भाग में एकबारगी सुधार स्कीम के तहत सुधार किया गया था और इसे राज्य सरकार को सौंप दिया गया था। तदनुसार, सतना शहर के हिस्से की सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का हिस्सा नहीं रही। सतना शहर में उत्थापित (एलिवेटेड) सड़क के निर्माण का ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) मैहर - सतना - चित्रकूट सड़क की स्थिति निम्नानुसार है:-

खंड	**स्थिति**	**टिप्पणियां**
मैहर से सतना	**2 लेन+पेव्ड शोल्डर, निर्माणाधीन**	
सतना से मझगावां	**2 लेन, पूर्ण**	**यातायात कम (<6000 पीएसयू) है और यातायात घनत्व, सड़कों की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता तथा निधि की उपलब्धता के आधार पर इसे और चौड़ा किए जाने पर विचार किया जा सकता है।**
मझगावां से चित्रकूट	**2 लेन, पूर्ण**	

(ग) और (घ) जी नहीं, प्रश्न नहीं उठता।

*****